# बाबा कीनाराम स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, चन्दौली

सम्बद्ध पं0 कमलापति त्रिपाठी जिला संयुक्त चिकित्सालय, चन्दौली

E-mail : medicalcollagechandauli@gmail.com, cmschandauli@gmail.com

Website : http://www.bkasmcc.org


पत्रांकः–मेडि0का0चन्दौली / 2025–26/ दिनांक–07.06.2025

## –: संविदा विज्ञप्ति:–

बाबा कीनाराम स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय चन्दौली, उ0प्र0 में हॉस्पिटल के सुलभ संचालन हेतु हास्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन के पदों पर अभ्यर्थियों के चयन की कार्यवाही साक्षात्कार के माध्यम से भरे जाने हेतु आवेदन आमन्त्रित किये जाते है। आवेदन शुल्क रू0 500/– (पाँच सौ रूपए मात्र) का डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में प्रधानाचार्य बाबा कीनाराम स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय चन्दौली के पक्ष में देय होगा। नियमानुसार पदों का विवरण निम्नवत् है:–

(नॉन पी०जी० जूनियर रेजीडेन्ट हास्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन) (ग्रेड पे–5400, वेतनमान 56,100)

| क्र०स० | विभाग का नाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | हास्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन | 02 |

उक्त पदो हेतु इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित आवेदन पत्र को पूर्ण रूप से भरकर उसके साथ अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों एवं अन्य सम्बन्धित प्रमाण पत्रों की स्वःप्रमाणित छायाप्रति संलग्न कर दिनांक 18.06.2025 तक प्रधानाचार्य कार्यालय, बाबा कीनाराम स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय चन्दौली के डाक अनुभाग में केवल स्पीड पोस्ट के माध्यम से सायं काल 05:00 बजे तक जमा कर सकते है। साक्षात्कार दिनांक–20.06.2025, को समय प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक प्रधानाचार्य कार्यालय में सम्पन्न किया जायेगा।

चयन विभागीय नियमावली एवं समय–समय पर जारी शासनादेशों / नियमों के अनुसार किया जायेगा। ओ०बी०सी० श्रेणी के अभ्यर्थियों को सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत नवीनतम (01 वर्ष का) जाति प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य होगा।

नियुक्ति की शर्तें निम्नवत् है:–

1– नॉन पी०जी० जूनियर रेजीडेन्ट (हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन) :–

- MBBS/BDS एवं किसी भी चिकित्सकीय संस्थान से 02 वर्षीय पूर्णकालिक पी०जी० डिग्री–मांस्टर्स इन हास्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन अभ्यर्थी ही अर्ह होंगे।
- अभ्यर्थियों के चयन की कार्यवाही साक्षात्कार के माध्यम से 01 वर्ष के लिए संतोषजनक सेवाएं पाये जाने पर नियमानुसार सेवा विस्तार किया जायेगा
- अभ्यर्थी की आयु नियुक्ति के समय अधिकतम 40 वर्ष होनी चाहिए।
- यदि अभ्यर्थी पूर्व में किसी संस्था में कार्य कर रहे है तो उस संस्था से अनापत्ति प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य होगा।
- आवेदन पत्र का प्रारूप बाबा कीनाराम स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय चन्दौली की वेवसाइट http://www.bkasmcc.org पद से डाउनलोड किया जा सकता है।

नोट:– पदों की संख्या घट–बढ़ सकती है।

प्रधानाचार्य
बाबा की0स्व0रा0चि0महाविद्यालय
चन्दौली

Scanned with CamScanner